राज्य आनंद संस्थान

वर्ष : 2, अंक -3 माह - फरवरी 2023
www.anandsansthanmp.in

आनंद उत्सव में लोगों का जमकर दिखा उत्साह

प्रदेश के सभी 52 जिलों में 14 से 28 जनवरी 2023 के मध्य आनंद उत्सव का आयोजन ग्राम पंचायतों तथा नगरीय बस्तियों में उत्साहपूर्वक किया गया। इस वर्ष पहली बार आनंद उत्सव के लिए 10,536 स्थानों का पंजीयन राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट पर किया गया, जिनमें 9,289 ग्राम पंचायत, 963 नगरीय बस्तियों, 239 विकास खण्ड स्तर तथा 45 जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए किए गए।

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, म.प्र. शासन
माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर, शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

राज्य आनंद संस्थान

श्री अखिलेश अर्गल
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
राज्य आनंद संस्थान

साथियों इस वर्ष पहली बार 10,000 से अधिक पंचायत क्लस्टर्स पर 14 जनवरी से 28 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव माानने की तैयारी आप सभी सहयोग से की गई है। मुझे उम्मीद है कि हम अपने लक्ष्य का जरूर प्राप्त करेंगे।

संस्थान की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार हेतु हमारे साथियों द्वारा इस वर्ष साइकिल यात्रा एवं आनंद की झांकी की पहल की गई है। इस पहल से हमारी ग्रामीण क्षेत्र में पहचान बनना शुरु हुई है। हमें इस प्रचार-प्रसार के कार्य को जारी रखना है।

अल्पविराम कार्यक्रम आप सभी के प्रयासों से विस्तारित हो रहा है। सभी विभाग इस कार्यक्रम हेतु पहल कर रहे हैं, जो कि कार्यक्रम की सार्थकता को दर्शाता है। इसी कड़ी में लोकनिर्माण विभाग की भवन निर्माण ईकाई के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय अल्पविराम सत्र का आयोजन दिनांक 20 जनवरी को किया गया।

संस्थान आनंद सभा का विस्तार अधिक से अधिक विद्यालयों तक करना चाहता है। इस हेतु लगातार शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने का प्रयास रहता है। इसी कड़ी में 50 से अधिक शिक्षकों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर माह जनवरी में आयोजित किया गया।

अल्पविराम

राज्य आनंद संस्थान आंतरिक आनंद की अनुभूति के प्रमुख कार्यक्रम अल्पविराम का आयोजन संस्थान कार्यालय परिसर में माह के प्रथम व तृतीय शुक्रवार को करता है। इस क्रम में जनवरी माह की 20 तारीख को एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों सहित अन्य नागरिकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान अल्पविराम के टूल जीवन का लेखा-जोखा, फ्रीडम ग्लास, संपर्क सुधार व दिशा, रिश्ते आदि पर विविध गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गई।

अल्पविराम परिचय कार्यक्रम के एक प्रतिभागी श्री अनिल वर्मा ने कहा कि अल्पविराम जैसा कार्यक्रम जीवन में हमारे नजरिए को सकारात्मक बनाने तथा निरंतर आनंद में रहने की स्थिति को बरकरार रखने में अत्यंत उपयोगी है। मुझे यह कार्यक्रम बहुत पहले ही कर लेना चाहिए था।

एक अन्य प्रतिभागी का कहना था कि जिंदगी की हर चीजों के लिए कृतज्ञता का भाव होना अहंकार को खत्म करने में सहयोगी है। जीवन की आपाधापी में अपने आप को समय देना और अपने अंदर की भावनाओं को समझना ही अल्पविराम है।

संपादन : सत्यप्रकाश आर्य, **सहयोग :** अनिल वर्मा,

गणतंत्र दिवस पर जिलों में निकली 'आनंद' की झांकी

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, मध्यप्रदेश व्यक्ति के परिपूर्ण जीवन एवं आंतरिक आनंद की अनुभूति के लिए विधियां व टूल विकसित तथा प्रसारित करता है। इस हेतु संस्थान विभिन्न कार्यक्रमों यथा अल्पविराम, आनंद उत्सव, आनंद क्लब, आनंद शिविर, आनंदम केन्द्र, आनंद सभा, आनंद प्रोजेक्ट एवं फैलोशिप, ऑनलाइन कोर्स ''अलोहा'', आनंद ग्राम एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस संचालित करता है।

आनंद के इन कार्यक्रमों को आम जन तक पहुंचाने के लिए राज्य आनंद संस्थान द्वारा इस वर्ष 26 जनवरी 2023 को प्रदेश के जिलों में निकली शासकीय परेड की झांकियों में आनंद विभाग की झांकियां सम्मिलित की गईं, इससे स्थानीय लोगों तक आनंद की गतिविधियों की जानकारी पहुंची और लोगों ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रमों को सराहा।

अपने पहले प्रयास के तहत राज्य आनंद संस्थान ने प्रदेश के 07 जिलों - कटनी, उमरिया, हरदा, इंदौर, मुरैना, सिवनी और शाजापुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में आनंद विभाग की झांकी प्रदर्शित की।

आनंद सभा कार्यक्रम संचालन हेतु शिक्षकों की तैयारी शिविर

आनंद सभा-सार्वभौमिक मूल्यों के आधार पर कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश के सी.एम. राइज एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा नवमी से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आनंद संस्थान, स्कूल शिक्षा विभाग तथा यू.एच.व्ही. टीम के सहयोग से संचालित है।

इस कार्यक्रम के संचालन में जुड़े शिक्षकों की दक्षता विकास व विषयवस्तु पर समझ को बढ़ाने के लिए राज्य आनंद संस्थान द्वारा दिनांक 02 से 07 जनवरी के दौरान 6 दिवसीय शिविर का





आयोजन किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में कक्षा नवमी से बारहवीं कक्षा में अध्यापन कार्य से जुड़े 50 से अधिक शिक्षकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के संचालन सहयोग के लिए लखनऊ से पधारे डॉ. गौरव मिश्रा जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन राज्य आनंद आनंद संस्थान कार्यालय परिसर में किया गया।

आनंद सभा कार्यक्रम के लिए उक्त तीनों संस्थाओं द्वारा सम्मिलित प्रयासों से कक्षा नवमी से बारहवीं के लिए पाठ्य पुस्तक तथा शिक्षकों के लिए मार्गदर्शिका का विकास एवं प्रकाशन किया गया है। आनंद संस्थान का प्रयास है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इस कार्यक्रम का विस्तार प्रदेश के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में किया जाए। इस हेतु क्रमश: इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन किए जाने की योजना है।

राज्य आनंद संस्थान

आनंद उत्सव के लिए साइकिल यात्रा

14 से 28 जनवरी 2023 के बीच प्रदेश के 10 हजार पंचायत क्लस्टरों, नगरीय निकायों सहित कई स्थानों पर आनंद उत्सव की धूम रही। लोक पंरपरा एवं सामूहिक सहभागिता के इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी व आनंद के लिए खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन, गीत भी शामिल रहे। राज्य आनंद संस्थान से जुड़े हजारों प्रचारकों द्वारा संस्थान के कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए स्थानीय यात्राओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान विभिन्न जिलों में आनंदकों की टीम ने साइकिल चलाकर लोगों तक पहुंच कर उनको आनंद संस्थान के कार्यक्रम आनंद उत्सव के बारे जानकारी दी, साथ ही स्थानीय स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर उसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता कर उन्हें खेल व अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित भी किया। आनंदकों द्वारा इस यात्रा में प्रतिदिन करीब 2 से 3 गांवों में सपर्क कर निर्धारित अवधि में 15 से 20 गांवों तक संपर्क किया।

प्रमुख सचिव ने देखा 'आनंदम केन्द्र' व 'आनंद उत्सव' में की भागीदारी

आनंद विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजीव कुमार झा ने राज्य आनंद संस्थान द्वारा संचालित मदद के भाव को विकसित करने के आनंदम केन्द्र का भ्रमण किया तथा वहां पर स्थानीय आनंदकों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के लाभार्थी बच्चों के साथ समय बिताया। साथ ही श्री झा ने भोपाल के ग्रामीण अंचल में चल रहे आनंद उत्सव में भी भागीदारी की और ग्रामीणों को आनंद व उत्साह के इस कार्यक्रम में सहभागी होने के लिए प्रेरित किया।

संपर्क : राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, म.प्र. शासन
माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर, शिवाजी नगर, भोपाल - 462011